ओडीओपी उत्पाद देश का आधार बनेंगे

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

13 हजार करोड़ रुपये का ऋण नव उद्यमियों को दिलाया गया

04 लाख एमएसएमई इकाइयों को 10 हजार करोड़ का ऋण दिलाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना से एक साल में प्रदेश के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस योजना से राज्य के आर्थिक विकास के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार बढ़े हैं। लखनऊ का चिकन, मेरठ के खेल के सामान, मुरादाबाद के पीतल उत्पाद, अलीगढ़ का हार्डवेयर, भदोही का कालीन, कन्नौज का इत्र तथा ओडीओपी के अन्य उत्पाद आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेंगे। सरकार इन उत्पादों की ब्रांडिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग में सहयोग दे रही है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वर्चुअल व्याख्यानमाला के तहत पं. दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व तथा कृतित्व भाजपा लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पं. दीन दयाल का मानना था कि किसी समाज की आर्थिक प्रगति का आकलन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की स्थिति से होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण पैकेज तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित आर्थिक पैकेज में पं. दीन दयाल उपाध्याय की प्रेरणा नजर आती है। आत्मनिर्भर पैकेज के तहत राज्य सरकार ने पहले चरण में चार लाख 32 हजार एमएसएमई इकाइयों को 10 हजार करोड़ रुपये का ऋण दिलाया। इस क्षेत्र के नवउद्यमियों को बैंकों के माध्यम से करीब 13 हजार करोड़ रुपये का ऋण दिलाया गया।

यूपी में बनती है देश की आत्माः मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य सरकार ने ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं जो आत्मनिर्भर भारत के अंग हैं। हमारा प्रदेश असीम संभावनाओं वाला है। इस प्रदेश में देश की आत्मा निवास करती है। उत्तर प्रदेश वह राज्य है जहां भगवान श्रीराम व भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया।

कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव : उन्होंने कहा कि कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर में सकारात्मक बदलाव होने जा रहा है। इसके लिए एक लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। इससे हर विकास खंड में भंडारण के लिए कोल्ड स्टोरेज आदि स्थापित किए जाने हैं।

बांगरमऊ के दुल्लापुरवा स्थित राइस मिल मैदान में मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

कृषि बिल पर किसानों को गुमराह कर रहा विपक्ष:सीएम

उन्नाव | **वरिष्ठ संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बांगरमऊ में आयोजित सभा में कहा कि मुद्दाविहीन कांग्रेस और अन्य विरोधी दल देश की जनता को सिर्फ गुमराह करने का काम कर रहे हैं। किसान को सीधे फायदा दिलाने के लिए संसद में पारित कृषि सुधार बिल का विरोधी दुष्प्रचार कर रहे हैं, जबकि इस बिल से किसानों की आय दोगुनी होगी। किसान अपना माल कहीं भी बेच सकेगा।

कांग्रेस समेत सभी विरोधी दल जनता को भड़काने में लगे हैं। सीएम ने यह भी कहा राफेल आने के बाद भारत से चीन थर्रा उठा है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लोग राफेल-राफेल चिल्ला रहे थे। अब चीन के अलावा कांग्रेस की भी बोलती बंद हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान बाहर से आए चार करोड़ श्रमिकों को उनके घरों तक पहुंचाया गया।

146 परियोजनाओं का शिलान्यास किया

मुख्यमंत्री योगी ने बांगरमऊ के दुल्लापुरवा स्थित राइस मिल मैदान में जिले की जनता को 93 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने 146 परियोजनाओं का लोकार्पण और 44 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

तीन लाख को नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य, शुद्ध पानी, छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा तथा युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। 3 साल में तीन लाख लोगों को नौकरी दी है। प्रदेश के हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, इसके लिए हर जिले में मेडिकल कालेज बनाने की तैयारी की जा रही है।